भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3911

बुधवार, दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

पीएम-कुसुम के अंतर्गत कृषि फीडरों का सौरीकरण

3911. श्री दिलेश्वर कामैतः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फरवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार प्रधानमंत्री-किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के घटक-सी फीडर स्तरीय सौरीकरण (एफएलएस) के अंतर्गत सौरकृत कृषि फीडरों की कुल संख्या कितनी है तथा इसके परिणामस्वरूप किसानों को दिन के समय बिजली आपूर्ति के औसत घंटों में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) रात के समय सिंचाई सहायता के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) को शामिल करने हेतु निधि में प्रस्तावित 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पीएम-कुसुम 2.0 में परिवर्तन की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) 34.8 गीगावाट विकेंद्रीकृत सौर क्षमता के लक्ष्य प्राप्त करने में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और उच्च तकनीकी हानियों वाले राज्यों में धीमी प्रगति की समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा राज्य-वार क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम-कुसुम एक मांग संचालित योजना है और क्षमताओं का आबंटन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों और उनके कार्यान्वयन की प्रगति के आधार पर किया जाता है। राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 तक कृषि फीडरों में 7261 मेगावाट की स्थापना के माध्यम से कुल 14,39,415 कृषि पंपों को सौरीकृत किया गया है।

एफएलएस के कार्यान्वयन के कारण, राज्यों ने किसानों को रात के समय दी जाने वाली बिजली आपूर्ति के स्थान पर दिन के समय 7 से 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति करने की सूचना दी है

विद्युत मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 तक कुल 5,655 फीडरों को सौरीकृत किया गया था।

(ख) पीएम कुसुम 2.0 के लिए दिनांक 21.04.2026 को व्यय वित्त समिति आयोजित की गई थी।

(ग) पीएम कुसुम के अंतर्गत राज्य-वार प्रगति **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

मंत्रालय ने प्रक्रियाओं को सरल बनाया है और योजना के कार्यान्वयन में आसानी के लिए दिनांक 17.01.2024 को व्यापक संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। पीएम कुसुम योजना की पहुंच बढ़ाने के लिए, मंत्रालय द्वारा समय-समय पर व्यापक पहुंच और क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इसमें कार्यान्वयन करने वाले राज्यों के साथ समय-समय पर समीक्षा और हैंडहोल्डिंग बैठकें भी शामिल हैं।

अनुलग्नक-I

'पीएम-कुसुम के अंतर्गत कृषि फीडरों का सौरीकरण' के संबंध में पूछे गए दिनांक 12.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3911 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत हुई प्रगति

क्र.सं.	राज्य का नाम	घटक-ए (मेगावाट)		घटक-बी (संख्या)		घटक-सी (संख्या)				
		स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत (आईपीएस)	स्थापित (आईपीएस)	स्वीकृत (एफएलएस)	स्थापित (एफएलएस)	स्थापित (कुल)
1	अरुणाचल प्रदेश	0	0	700	699	0	0	0	0	0
2	असम	2	0	4000	1695	0	0	0	0	0
3	छत्तीसगढ	366	19	0	0	0	0	10523	622	622
4	बिहार	0	0	0	0	0	0	140300	6070	6070
5	गुजरात	175	0	22792	22792	0	0	467114	304948	304948
6	गोवा	24	4	900	200	0	0	11000	700	700
7	हरियाणा	158	75.21	197655	195521	0	0	2899	0	0
8	हिमाचल प्रदेश	100	100	1270	1103	0	0	0	0	0
9	जम्मू एवं कश्मीर	0	0	5000	4873	0	0	0	0	0
10	झारखंड	0	0	86985	74201	0	0	0	0	0
11	कर्नाटक	0	0	41365	29513	0	0	763588	150490	150490
12	केरल	0	0	8	8	9448	4063	22368	11809	15872
13	लद्दाख	0	0	1400	315	0	0	0	0	0
14	मध्य प्रदेश	1401	230.66	59400	26478	0	0	175000	71934	71934
15	महाराष्ट्र	260	21	575000	559409	0	0	875000	875000	875000
16	मणिपुर	0	0	450	160	0	0	0	0	0
17	मेघालय	0	0	2735	98	0	0	0	0	0
18	मिजोरम	0	0	1700	613	0	0	0	0	0
19	नगालैंड	0	0	265	265	0	0	0	0	0
20	ओडिशा	90	6	18441	16052	0	0	5223	0	0
21	पुदुचेरी	0	0	72	0	0	0	0	0	0
22	पंजाब	0	0	18048	17928	186	25	0	0	25
23	राजस्थान	5618	1442.43	134752	127639	2138	2138	400000	229994	232132
24	तमिलनाडु	3	3	5187	5186	0	0	0	0	0
25	तेलंगाना	1797	84	7000	0	28000	0	0	0	0
26	त्रिपुरा	5	0	11114	9401	3600	1375	0	0	1375
27	उत्तर प्रदेश	1	1	107266	71538	12000	8654	370000	2477	11131
28	उत्तराखंड	0	0	3685	2980	0	0	0	0	0
29	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	20	4	0	0	4

30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	0	0	0
31	आंध्र प्रदेश	0	0	0	0	0	0	293587	0	0
	कुल	**10000**	**1986.30**	**1307190**	**1168667**	**55392**	**16259**	**3536602**	**1654044**	**1670303**

*****